**राधिका झा** I.A.S
राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद**
राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग रायपुर, देहरादून
दूरभाष 0135-2781941, 42, 43
*website: http://ssa.uk.gov.in*
*email - spd-ssa-uk@nic.in*

***फैक्स***

***तत्काल / समयबद्ध***

***अनुस्मारक–02***

सेवा में,

जिला परियोजना अधिकारी
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड (चम्पावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर एवं पौड़ी को छोड़कर)।

पत्रांक : रा0प0नि0 / 1139 / पुर्ननिर्माण (8) / 2013–14 दिनांक 05 सितम्बर, 2013

**विषय : सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पी0ए0बी0 द्वारा दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों के पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत कार्य हेतु धनराशि की स्वीकृति विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या F.10-4/2013-EE.14 दिनांक 22 जुलाई, 2013 द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों के पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत कार्य हेतु रू0 1253.26 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उक्त के क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पूर्व प्रेषित पत्र संख्या रा0प0नि0 / 952 / नि0का0–दै0आ0 (32) / 2013–14 दिनांक 13 अगस्त, 2013 एवं पत्र संख्या अ0रा0प0नि0 / 1071 / पु0नि0(08) / 2013–14 दिनांक 24 अगस्त, 2013 द्वारा आपको दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण की स्वीकृत सूची इस आशय से प्रेषित की गयी थी कि पुर्ननिर्माण हेतु मानकानुसार स्थल का चयन कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना राज्य परियोजना कार्यालय को एक सप्ताह में उपलब्ध करायें। किन्तु खेद का विषय है कि अद्यतन जनपद बागेश्वर एवं रूद्रप्रयाग के अतिरिक्त अन्य जनपदों द्वारा स्थल चयन सम्बन्धी प्रपत्र पर फोटोग्राफ सहित सूचना राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है। इससे प्रतीत होता है कि आपके द्वारा दैवीय आपदा जैसे संवेदनशील विषय पर रूचि नहीं ली जा रही है।

उपरोक्त के क्रम में पी0ए0बी0 द्वारा दैवीय आपदा को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत की सूची आपको पुनः संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। सूची में आपके जनपद को एकमुश्त धनराशि वृहद मरम्मत मद में स्वीकृत की गयी है। अतः तत्काल **प्राथमिकता के अनुसार** वृहद मरम्मत के आगणन तैयार कर नोडल एजेन्सी ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग से प्रतिहस्ताक्षर एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर आगणन की एक प्रति दिनांक 15 सितम्बर, 2013 तक राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

D:\lxmnPad II New SPD pmd 119

उक्त के अतिरिक्त आगणन तैयार करते समय यह ध्यान रखा जाये कि **आगणन में निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु पुर्ननिर्माण की भाँति वृहद मरम्मत के कार्यों का भी तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया जाना होगा। इस हेतु कुल लागत की 1.5 प्रतिशत** धनराशि प्राविधानित की जाये। वृहद मरम्मत किये जाने वाले विद्यालय भवन जिसमें विद्यालय के नाम का बोर्ड व किये जाने वाले कार्य का स्पष्ट फोटोग्राफ अवश्य संलग्न किया जाये। वृहद मरम्मत सम्बन्धी आगणन सुस्पष्ट एवं विधिवत् बाइंडिंग करते हुए तैयार किये जायें। आगणन के प्रतिवेदन में किये जाने वाले कार्य का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। यह भी ध्यान दिया जाये कि प्रस्तावित वृहद मरम्मत कार्य किसी अन्य विभाग के बजट से स्वीकृत न किया जा रहा हो, का प्रमाण पत्र भी संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। आगणन गठित करते समय समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि को दृष्टिगत रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों एवं विशिष्टियों के अनुसार हो। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि आगणन में जो प्राविधान इंगित किये गये हैं, वह स्थल की आवश्यकतानुसार है अथवा नहीं ? स्थल आवश्यकतानुसार ही कार्य प्रस्तावित करना सुनिश्चित करें। वृहद मरम्मत कार्य आगणन के साथ सक्षम अधिकारी की स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न की जानी आवश्यक है।

अतएव उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि तत्काल तीन दिन के अन्दर बिना अनुस्मारक की प्रतीक्षा किये भूमि उपलब्धता प्रमाण–पत्र एवं दिनांक 15 सितम्बर, 2013 तक वृहद मरम्मत के आगणन तकनीकी स्वीकृति सहित राज्य परियोजना कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कृपया राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्रों की जानकारी हेतु जनपद की मेल एवं एस0एस0ए0 की वेबसाइट को नित्यप्रति अनिवार्य रूप से देख लें।

भवदीया

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पृ0सं0 : अ0रा0प0नि0 / 1139 / दै0आ0 (28)2013–14 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि**– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, उत्तराखण्ड, तपोवन मार्ग, देहरादून।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

D/laxmi/Pad II New SPD pand 111

## Districtwise break up of fresh approval alloted by PAB for 2013-14

| S.No | District | New PS Buiding | | New UPS Buiding | | Total | | Major Repair to partially damaged to school | Grand Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Phy. | Fin. | Phy. | Fin. | Phy. | Fin. | Fin. | |
| 1 | Almora | 1 | 10.48 | 0 | 0.00 | 1 | 10.48 | 35.00 | **45.48** |
| 2 | Bageshwar | 3 | 24.87 | 0 | 0.00 | 3 | 24.87 | 35.00 | **59.87** |
| 3 | Chamoli | 6 | 99.30 | 4 | 92.12 | 10 | 191.42 | 75.00 | **266.42** |
| 4 | Champawat | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0.00 | **0.00** |
| 5 | Dehradun | 7 | 63.08 | 2 | 18.00 | 9 | 81.08 | 25.00 | **106.08** |
| 6 | Haridwar | 0 | 0.00 | 1 | 16.48 | 1 | 16.48 | 30.00 | **46.48** |
| 7 | Nainital | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0.00 | **0.00** |
| 8 | Pauri | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0.00 | **0.00** |
| 9 | Pithoragarh | 5 | 56.38 | 0 | 0.00 | 5 | 56.38 | 75.00 | **131.38** |
| 10 | Rudraprayag | 2 | 33.10 | 3 | 69.09 | 5 | 102.19 | 100.00 | **202.19** |
| 11 | Tehri | 15 | 157.20 | 4 | 68.18 | 19 | 225.38 | 50.00 | **275.38** |
| 12 | Uttarkashi | 3 | 28.50 | 1 | 16.48 | 4 | 44.98 | 75.00 | **119.98** |
| 13 | Udham Singh Nagar | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0.00 | **0.00** |
| | **Total** | **42** | **472.91** | **15** | **280.35** | **57** | **753.26** | **500.00** | **1253.26** |

D:\laxmi\C folder\SSA- Civil Work\disaster\aapda-ii